an>

Title: Need to improve basic facilities in staff quarters for employees of Bhabha Atomic Research Centre, Tata Institute of Fundamental Research, Nuclear Power Corporation of India Limited and Tata Memorial Centre in Mumbai, Maharashtra.

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) ः मेरे संसदीय क्षेत्र मुम्बई साउथ सेन्ट्रल (महाराÂट्र) में देश के अत्यंत महत्वपूर्ण स्थानों के विभाग स्थित हैं। एटॉमिक एनर्जी संस्थान के विभाग भाभा एटॉमिक रिसर्च सेन्टर, टाटा इंस्टीटयूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड और टाटा मैमोरियल सेन्टर जैसे महत्वपूर्ण विभागों के कर्मचारियों को उनके कम्पाउण्ड में ही रिहायशी क्वार्टर उपलब्ध कराए गए हैं। इन क्वार्टरों में मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव है। यहां तक कि सबसे जरूरी पानी की सप्लाई भी ठीक से नहीं हो रही है। स्टाफ क्वार्टर बहुत पुराने हो गए हैं, इनकी मरम्मत भी नहीं होती है। केंद्रीय सरकार का विभाग डी.सी.एस.एस. एण्ड ई.एम. यहां के रख-रखाव का कार्य करता है परंतु इस विभाग के लापरवाह अफसर, डायरेक्टर और चीफ इंजीनियर की लापरवाही के कारण कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। पानी की पाइप लाइन 35 साल पुरानी है जो जर्जर हालत में है और इसे बदलने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। मुम्बई नगर निगम से भी कोई सहायता नहीं ली जा रही है। इस तरह के कार्यों में यदि केंद्रीय सरकार के विभाग लोकल बॉडी की सहायता लें तो कार्य अच्छी तरह हो पाए।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि देश में अत्यंत महत्वपूर्ण संस्थान एटॉमिक एनर्जी के विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के रिहायशी क्वॉटरों में मुम्बई म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन की मदद से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उचित कदम उठाए जाएं और दोÂाि व लापरवाह अफसरों पर उचित कार्यवाही की जाए।